'विश्व वन्यजीव दिवस'

अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के क्रम में आज दिनांक 04.03.2024 को 'विश्व वन्यजीव दिवस' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप कुमार ने इस दिवस की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुये छात्रों को यह बताया कि पर्यावरणीय संतुलन को बनाये रखनें में जैव-विविधता की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। वर्तमान समय में जैव- विविधता में हो रहें ह्रास के कारण वन्यजीवों को संरक्षित करना आज बहुत ही आवश्यक है। अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों के क्रम में विभाग की 'वाटिका' में वर्षों से वन्यजीवों हेतु दाना-पानी की व्यवस्था अनवरत् रूप से कर रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर के. आर. त्रिपाठी तथा प्रोफेसर ए.के. गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ. राजू कुमार गुप्ता, डॉ. अमित कुमार शर्मा, डॉ. सुरेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. वन्दना अहिरवार तथा समस्त शोध छात्र तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मनीश कुमार द्वारा किया गया।